चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अमर उजाला	27-11-23	2	6-8

बेबी कॉर्न व स्वीट कॉर्न की बिजाई का उपयुक्त मौसम

मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग से बढ़ेगी पैदावार

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। मक्का, बेबी कॉर्न व स्वीट कॉर्न की खेती करने के लिए यह उपयुक्त मौसम है। इसके लिए सबसे पहले खेत की अच्छी तरह से तैयार कर लें। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से कम लागत में अधिक पैदावार ली जा सकती है।

अधिक पैदावार लेने के लिए अच्छी तरह से गली-सड़ी गोबर की खाद 60 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से खेत की तैयारी से पहले डालें। सामान्य दशा में 50 किलोग्राम डीएपी, 40 किलोग्राम एमओपी व 45 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग बुआई के समय करें। बेबी कॉर्न व स्वीट कॉर्न की फसल जो 25-30 दिन की हो चुकी हो, उसमें एक तिहाई यूरिया 45 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से कतारों में डालें।

खेत में लगी मक्के की फसल। फाइल फोटो

किस्मों का चुनाव

क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि शरदकालीन मौसम में लंबी अवधि की किस्मों एचएम 5, एचएम-10, एचएम-11, एचक्यूपीएम-1, एचक्यूपीएम-4, एचक्यूपीएम-5, पूसा एचक्यूपीएम-1 इम्प्रूवड, पूसा एचक्यूपीएम-5 इम्प्रूवड की काश्त करें। साधारण मक्का व उच्च क्वालिटी मक्का में दाने के लिए 8 किलोग्राम, बेबी कॉर्न में 10-12 किलोग्राम व स्वीट कॉर्न में 3-3.5 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज का इस्तेमाल करें।

बीजोपचार... फॉल आर्मी वर्म व अन्य कीटों से बचाव के लिए 7 मिलीलीटर इमिडाक्लोप्रिड से प्रति किलोग्राम बीज का उपचार करें। रोगों से बचने के लिए थाइरम 4 ग्राम या कैप्टान 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचार करें।

बिजाई की विधि... किसान मक्का की बिजाई केवल अच्छे जल निकास वाले खेतों में ही करें, ये भी देखें की जहां जलभराव की समस्या नहीं हो। बिजाई के लिए न्यूमैटिक प्लांटर और बेड प्लांटर मशीन का उपयोग करें।